# अध्याय 7. ओ सदानीरा

## लेखक परिचय

→ लेखक- जगदीशचंद्र माथुर
⇒ जन्म- 16 जुलाई 1917 ई०
⇒ जन्म-स्थान- शाहजहाँपुर, उत्तरप्रदेश
⇒ निधन- 14 मई 1978 ई.
→ निधन स्थान- नई दिल्ली

⇒ शिक्षा-
(i) M.A. (अंग्रेजी) इलाहाबाद विश्वविद्यालय से।
(ii) 1941 में I.C.S. परीक्षा उत्तीर्ण किये।
(iii) आगे के प्रशिक्षण के लिए अमेरिका गए।
(iv) फिर बाद में बिहार के शिक्षा सचिव बने।

कार्य-
(1) सन् 1944 में बिहार के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक उत्तव वैशाली महोत्सव का बीजारोपण किया।
(ii) माथुर जी ऑल इंडिया रेडियों मे महानिदेशक रहे है।
(iii) माथुर जी सूचना और प्रसारण मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार के पद पर भी कार्य किये हैं।
(iv) हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विजिटिंग फेलो रहने के अतिरिक्त अनेक कार्यों से जुड़े थे।

= सम्मान-
(i) विद्या वारिधि की उपाधि से विभूषित हुए।
(ii) कालिदास अवाई से सम्मानित छुए हैं।
(iii) बिहार राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित हुए है।

⇒ कृतियाँ-
(i) 1936 ई. में प्रथम एकांकी "मेरी बाँसुरी" का मंचन (स्टेज पर अभिनय करके प्रस्तुत) किये। और उसी वर्ष यह नाटक सरस्वती में प्रकाशित हुई।
(ii) पाँच एकांकी नाटकों का संग्रह "भोर का तारा" 1946 ई.में प्रकाशित हुई।
(iii) ओ मेरे सपने 1950
(iv) मेरे श्रेष्ठ रंग एकांकी 'कोणार्क' 1951
(v) बंदी-1954
(vi) शारदीया 1959
(vii) पहला राजा 1969
(viii) दशरथ नंदन- 1974
(ix) कुँवर सिंह की टेक- 1954
(x) गगन सवारी - 1958
(xi) दो कठपुतली नाटक
(xii) दस तस्वीरें (रेखाचित्र)
(xiii) जिन्होने जीना जाना (संस्मरण)
(xiv) परंपराशील नाट्य 1960
(xv) बहुजन संप्रेषण के माध्यम (जनसंचार पुस्तक)
(xvi) बोलते क्षण (निबंध संग्रह)
(xv) बहुजन संप्रेषण के माध्यम (जनसंचार पुस्तक)
(xvi) बोलते क्षण (निबंध संग्रह)

## महत्वपूर्ण जानकारी

(1) जगदीशचंद्र माथुर एक प्रतिभाशाली लेखक, नाटककार, संस्कृतिकर्मी एवं प्रशासक थे।
(2) माथुर जी का कार्य क्षेत्र विहार था।
(3) माथुर जी को साहित्य संस्कृति के संसार में बिहार की विशिष्ट प्रतिभा के रूप में जाना जाता है।
(4) माथुर जी ने लेखन कार्य प्रायः चाथे दशक में शुरू किये थे। परन्तु उन्हें मनस्वी लेखक के रूप में पहचान नेहर युग में मिली।
(5) 'ओ सदानीरा' जगदीश चन्द्र माथुर के 'बोलते क्षण' निबंध-संग्रह से लिया गया है।
(6) 'ओ सदानीरा' निबंध गंडक नदी को निमित बनाकर लिखा गया है।
(7) बिहार में शरणार्थी पूर्वी बंगाल से आये थे।
(8) चम्पारण में गाँधी जी ने 1916 में अपना अभियान चलाये थे।

* पाठ का सारांश [2020, 2022, 2023, 2024]

"ओ सदानीरा" निबंध जगदीशचन्द्र माथुर के द्वारा रचित है। चंपारण की धरती पर बहने वाली गंडक नदी को लोग प्यार से सदानीरा कहते हैं, क्योंकि इसमें हमेशा पानी रहता है। यह नदी कभी शांत बहती है, तो कभी तेज होकर उफनने लगती है। लेखक को यह नदी ऐसी लगती है जैसे चंपारण के लोगों का जीवन कभी सरल तो कभी कठिन। इस नदी के किनारे
बसा गाँव बहुत सुंदर हैं। यहाँ के लोग सीधे-सादे और मेहनती हैं। धांगड़ और थारू समुदाय के लोग यहाँ रहते हैं, जो नाचते-गाते और अपनी परंपराएँ निभाते हैं। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब अंग्रेजों ने किसानों पर अत्याचार करके उनसे जबरदस्ती नील की खेती करवाते थे। इसी समय गांधीजी चंपारण


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

आए थे। और उन्होंने किसानों की परेशानी को समझे और उनकी मदद किये। साथ ही, उन्होंने भितरवा और मधुबनी में स्कूल भी खुलवाएं ताकि गाँव के बच्चे पढ़-लिख सकें और अपना अधिकार जान सकें। लेखक इस निबंध में बताते हैं कि सदानीरा नदी केवल पानी की धारा नहीं है, बल्कि चंपारण के इतिहास, संस्कृति, संघर्ष और उम्मीदों की गवाह है। यह हमें यह सिखाती है कि प्रकृति, इतिहास और मनुष्य आपस में जुड़े हैं। और हमें सदा इसकी रक्षा करना चाहिए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. चौर और मन किसे कहते हैं? (2014)
उत्तर- उथले ताल को चौर और गहरे-बड़े ताल को मन कहते हैं।
2. पुंडलीक जी कौन थे? (2012, 2017)
उत्तर- पुंडलीक जी गांधीजी के सहयोगी थे, जो बच्चों को पढ़ाते और ग्रामवासियों का भय दूर करते थे।
3. 'ओ-सदानीरा' किस नदी के लिए कहा गया है? (2019)
उत्तर- ओ सदानीरा गंडक नदी को कहा गया है।
4. लेखक के अनुसार सुरक्षा कहाँ है? (2020)
उत्तर- सुरक्षा डायरी में नहीं होती है। सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में है, छिपने या भागने में नहीं।
5. इतिहास में क्रीमियाई प्रक्रिया का आशय क्या है? (2020)
उत्तर- इतिहास में क्रीमियाई प्रक्रिया का अर्थ है कि जब कोई समुदाय या लोग अपनी पुरानी जगह छोड़कर किसी नई जगह जाकर बस जाते हैं और वहाँ की संस्कृति में घुल मिल जाते हैं, तो इसे ही क्रीमियाई प्रक्रिया कहा जाता है।
6. 'धांगड़' शब्द का क्या अर्थ है? (2017, 2019, 2021)
उत्तर- 'धाँगड़' शब्द का अर्थ है भाड़े का मजदूर। जो गुलामी का जीवन जीते थे।
7. अंग्रेज नीलहे किसानों पर क्या अत्याचार करते थे?
(2025)
उत्तर- अंग्रेज नीलहे गोरे किसानों पर बहुत अत्याचार करते थे। चम्पारण में उनका पूरा साम्राज्य था। साहब की सड़कों पर किसान अपने जानवर नहीं ले जा सकते थे। त्योहारों पर साहब (अंग्रेज) को उपहार भेजना पड़ता था।
8. गंगा पर पुल बनाने में अंग्रेजों ने क्यों दिलचस्पी नहीं ली? (2016)
उत्तर- क्योंकि चंपारण में अंग्रेज नीलहे गोरे किसानों पर शोषण और अत्याचार करते थे। दक्षिण बिहार में बगावत जल्दी पहुँची, लेकिन चंपारण तक देर से पहुँची। इसलिए अंग्रेज सरकार ने गंगा पर पुल बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं ली।

9. गांधीजी के शिक्षा संबंधी आदर्श क्या थे? (2012, 2013)
उत्तर- गांधि जी के शिक्षा संबंधी निम्न आदर्श थे-
(i) गांधीजी चाहते थे कि शिक्षा से केवल अक्षर ज्ञान न मिले,बल्कि चरित्र और बुद्धि का विकास हो।
(ii) बच्चे सुसंस्कृत और सच्चरित्र बनें।
(iii) शिक्षा का उपयोग जीवन और आजीविका में हो।
(iv) स्कूल की पढ़ाई गाँव के जीवन और खेती-बाड़ी से जुड़ी हो।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. गाँधीजी ने झोपड़ी कहाँ बनायी थी? (2019)
उत्तर- गाँव में गाँधी जी को आश्रय देने की किसी की हिम्मत नहीं थी, इसलिए मठ के महंत ने उन्हें महुएँ के पेड़ के नीचे रहने की जगह दी। गांधीजी ने वहाँ खटिया बिछाकर रहना शुरू किये और बाद में एक छोटी झोपड़ी बना ली। उस झोपड़ी में डॉ. देव रहते थे और वहीं से आश्रम का काम चलाते थे। बाद में एमन साहब के लोगों ने झोपड़ी को जला दिया। फिर वहाँ खपरा का एक घर बना, जहां कस्तूरबा गांधी भी रहती थीं और आश्रम के लोगों की देखभाल करती थीं। गांधीजी ज्यादातर बेतिया और मोतिहारी में रहते थे।
2. गाँधीजी के चंपारण आंदोलन की किन दो सीखों का उल्लेख लेखक ने किया है? इन सीखों को आज आप कितना उपयोगी मानते हैं? उन्हें लिखें। (2022A)
उत्तर- लेखक ने गाँधीजी के चंपारण आंदोलन से दो मुख्य सीखों का उल्लेख किया है-
(i) निर्भीकता (निडर होना) गाँधीजी कहते हैं अन्याय के सामने डरना नहीं चाहिए। जो व्यक्ति निडर होता है, वह अन्याय का सामना कर्ता है।
(ii) सत्याचरण (सच्चाई पर चलना) गाँधीजी कहते है हमेशा सत्य की राहों पर चलना चाहिए। वे हर बात की जाँच-पड़ताल करके ही कुछ कहते या लिखते थे। ये दोनों सीखें आज बहुत उपयोगी हैं।


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

3. चंपारण में शिक्षा की व्यवस्था के लिए गांधीजी ने क्या किया? (2020)

उत्तर- गाँधीजी चंपारण किसानों की समस्या सुलझाने आए थे। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक समस्या हल करने से काम नहीं चलेगा बच्चों की शिक्षा भी जरूरी है। इसलिए गाँधीजी ने तीन गाँवों में विद्यालय खोले -

(i) बड़हरवा यह स्कूल बवनजी गोखले और उनकी पत्नी चलाते थे।

(ii) मधुबन यहाँ नरहरिदास पारिख, उनकी पत्नी और महादेव देसाई पढ़ाते थे। कुछ समय पुंडलीक जी भी यहाँ रहे।

(iii) भितिहरवा यहाँ आश्रम में कस्तूरबा गांधी रहती थीं और सभी कार्यकर्ताओं की देखभाल करती थीं।

4. चंपारण क्षेत्र में बाढ आने का प्रमुख कारण क्या है?(2019)

उत्तर- चंपारण की जमीन पहले पेड़ों और जंगलों से ढकी थी। धीरे-धीरे पेड़ों को काट दिया गया खेती और अन्य जरूरतों के लिए। पहले जब जंगल थे, तब वृक्षों की जड़ों में पानी रुक जाता था और भयंकर बाढ़ नहीं आती थी। परंतु पेड़ कटने और मजदूरों के बसने के बाद नदियाँ उफान मारती है और चारों ओर पानी ही पानी हो जाता है।

5. 'ओ सदानीरा' पाठ में आए नौका विहार प्रसंग का वर्णन करें। (2012, 2013)

उत्तर- 'ओ सदानीरा' पाठ में नौका-विहार का दृश्य बहुत सुंदर है। लेखक गंडक नदी में मोटरबोट पर बैठे थे। भारतीय इंजीनियर उन्हें बराज और नहर बनाने का काम समझा रहे थे। वे जंगल के बीच बिजली के तार और नहरों का बड़ा निर्माण कर रहे थे। लेखक को लगा कि यह काम जनता की गरीबी और दुख दूर करने वाला है। उन्हें यह निर्माण नारायण के विशाल रूप जैसा भी लगा।

सप्रसंग व्याख्यात्मक प्रश्न

1. "कैसी चम्पारण की यह भूमि? मानो विस्मृति के हाथों अपनी बड़ी से बड़ी निधियों को सौंपने के लिए प्रस्तुत रहती है।" (2021)

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति जगदीशचन्द्र माथुर द्वारा रचित "ओ सदानीरा" निबंध से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना है कि चंपारण की भूमि पहले बहुत खास और उदार थी। लेकिन अब वहीं बचे हैं सिर्फ कटे पेड़, बाढ़ लाती नदियों और अशिक्षा। यानी यह भूमि पहले बहुत महत्त्वपूर्ण थी, लेकिन अब उसका महत्व कम हो गया है।

2. "वसुंधरा भोगी मानव और धर्मांध मानव-एक ही सिके के दो पहलू है।" (2020)

उत्तर- प्रस्तुत पंक्ति जगदीशचन्द्र माथुर द्वारा रचित "ओ सदानीरा" निबंध से लिया गया है। इस पंक्ति के माध्यम से लेखक का कहना है कि इंसान दो तरह के है पहला वसुंधरा भोगी मानव जो धरती और उसके संसाधनों का केवल स्वार्थ के लिए उपयोग करता है। दूसरा धर्मांध मानव जो धर्म और अंध-विश्वास में फैसकर सही और गलत नहीं समझता।

वस्तुनिष्ट प्रश्नः -

1. जगदीशचन्द्र माथुर का जन्म कब हुआ था ?
(A) 1917 (B) 1918 (C) 1920 (D) 1921

2. बिहार में शरणार्थी कहाँ से आये थे?
(A) पंजाब (B) सिन्ध (C) पूर्वी बंगाल (D) नेपाल

3. नववधू जब पहली बार अपने पति को कलेऊ देने जाती है तब उसके सिर पर क्या होता है ?
(A) चुना (B) शाल (C) पीढ़ा (D) लोटा

4. चम्पारण में गाँधी जी ने कब अपना अभियान चलाया था?
(A) सन 1916 में (B) सन् 1917 में
(C) सन् 1918 में (D) सन् 1920 में

5. चम्पारण अभियान का सबसे बड़ा वरदान क्या था
(A) साहस (B) निर्भीकता (C) संघर्षशीलता(D) देशाभिमान

6. बिहार का कौन-सा विशाल स्तूप प्राचीन स्थापत्य की अभूतपूर्व कृति है ?
(A) नन्दनगढ़ (B) चम्पारण (C) भागलपुर (D) देवबन्द

7. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ के लेखक हैं- (BSEB, 2016, 19)
(A) मैनेजर पाण्डेय (B) अरुण कमल
(C) जगदीशचन्द्र माथुर (D) मन्त्रू भण्डारी

8. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ का सम्बन्ध किस विधा से है ?(BSEB, 2019, 21, 23)
(A) उपन्यास (B) कहानी (C) नाटक (D) निबन्ध

9. 'ओ सदानीरा' जगदीश चन्द्र माथुर के किस निबन्ध-संग्रह से संकलित है ?
(A) दस तस्वीरें से (B) जिन्होंने जीना जाना से


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.

(C) बोलते क्षण से (D) शारदीया से

10. 'ओ सदानीरा' से सम्बन्धित नदी है-
(A) गंगा (B) ब्रह्मपुत्र (C) कृष्णा (D) गंडक

11. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ में किस महापुरुष की चर्चा आयी है ?
(A) महात्मा गाँधी (B) पं. जवाहरलाल नेहरू
(C) सुभाषचन्द्र बोस (D) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

12. 'ओ सदानीरा' में बिहार के किस भूभाग की संस्कृति का वर्णन है ?
(A) गया (B) आरा (C) चंपारण (D) मुंगेर

13. इनमें से कौन-सी रचना जगदीश चन्द्र माथुर की है?(BSEB, 2018)
(A) बातचीत (B) ओ सदानीरा
(C) तिरिछ (D) हँसते हुए मेरा अकेलापन

14. गौतम बुद्ध का आविर्भाव कब हुआ था ?
(A) दो हजार वर्ष पहले (B) ढाई हजार वर्ष पहले
(C) तीन हजार वर्ष पहले (D) पाँच सौ वर्ष पहले

15. कौन-सी कृति जगदीशचन्द्र माथुर की है ?
(A) जानवर और जानवर (B) कहानी: नई कहानी
(C) यायावर रहेगा याद (D) भोर का तारा

16. 'ओ सदानीरा' किसको निमित्त बनाकर लिखा गया है ?
(A) गंगा (B) गंडक (C) यमुना (D) महानदी

17. 'थारन' शब्द किस शब्द से विकसित है ?
(A) थल (B) थार (C) स्थल (D) स्थान

18. कर्णाट वंश के राजा हरिसिंह को किसका मुकाबला करना पड़ा ?
(A) गयासुद्दीन तुगलक (B) नादिरशाह
(C) अलाउद्दीन खिलजी (D) कुतुबुद्दीन ऐबक

19. चंपारन में धौगड़ कहाँ से आए ?
(A) राँची (B) जमशेदपुर
(C) छोटानागपुर (D) आन्ध्र प्रदेश

20. गाँधीजी चंपारन में कब आए ?
(A) अप्रैल, 1918 (B) अप्रैल, 1920
(C) जून, 1917 (D) अप्रैल, 1917

21. 'तीनकठिया' प्रथा का सम्बन्ध किससे है ? (BSEB, 2024)
(A) हींग (B) कपास (C) रंग (D) नील

22. मठ के महंत ने गाँधी जी को कहाँ शरण दी ?
(A) एक जामुन के पेड़ के नीचे (B) अपने मठ में
(C) एक झोपड़ी में (D) एक महुए के पेड़ के नीचे

23. वैशाली महोत्सव का बीजारोपण किया-
(A) अज्ञेय ने (B) जगदीशचन्द्र माथुर ने
(C) श्री कृष्ण सिंह ने (D) अशोक वाजपेयी ने

24. कौन-सी कृति माथुरजी की नहीं है ?
(A) मेरी बाँसुरी (B) बन्दी (C) रेशमी टाई (D) कोणार्क

25. पंडई नदी कहाँ तक जाती है ?
(A) भिखनाथोरी (B) बगहा (C) रामनगर (D) भितिहरवा

26. बराज कहाँ बन रहा था ?
(A) बेलगाँव (B) भितिहरवा
(C) अमोलवा (D) भैसालोटन

27. आम्रपाली (अंबपाली) ने तथागत को क्या सौंपा था ?
(A) कदलीवन (B) आम्रवन
(C) दस हजार स्वर्णमुद्राएँ (D) अपना भवन

28. 'बहुजन-सम्प्रेषण के माध्यम' पुस्तक किसने लिखी हैं ?(BSEB, 2020)
(A) जयप्रकाश नारायण (B) जगदीशचन्द्र माथुर
(C) मलयज (D) मोहन राकेश

29. 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबन्ध में वर्णित मन कैसे ताल हैं ?(BSEB, 2021)
(A) गहरे (B) छोटे और विशाल
(C) उथले और छिछले (D) गहरे और विशाल

30. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ के अनुसार, सन् 1962 की बाढ़ का दृश्य जिन्होंने देखा है, उन्हें 'रामचरितमानस' में किसके क्रोध रूपी नदी की बाढ़ याद आई होगी ?(BSEB, 2022)
(A) लक्ष्मण के (B) भरत के (C) कैकेयी के (D) राम के

31. 'ओ सदानीरा' पाठ के अनुसार, गाँधीजी ने 'आश्रम विद्यालय' कहाँ स्थापित किया था ? (BSEB, 2022)
(A) पाटलिपुत्र, नालन्दा में (B) सासाराम, भभुआ में
(C) वैशाली, राजगीर में
(D) बड़हरवा, मधुबन और भितिहरवा में

32. 'चौर' कैसे ताल हैं?(BSEB, 2023)
(A) उथले (B)चौड़े (C) गहरे (D) लबालब

33. 'राम पुरवा' कहाँ है ? (BSEB, 2023)
(A) भितिहरवा के पास (B) नवगछिया के पास
(C) सिमरिया के पास (D) देहरादून के पास

34. गंडक नदी का जल सदियों से कैसा रहा है ? (BSEB, 2023)
(A) चंचल रहा है (B) शांत रहा है
(C) ठण्डा रहा है (D) गर्म रहा है


@All right reserved. No part of this work may be reproduce in any form, without permission in writing from the copyright holder.